sutlej
textiles and industries limited

SUTLEJ TEXTILES AND INDUSTRIES LIMITED
Lotus Corporate Park, 'E' Wing, 5th/6th Floor,
185/A, Graham Firth Compound, Near Jay Coach,
Goregaon (East), Mumbai 400 063, INDIA.
Phone : (022) 4219 8800/6122 8989 Fax (022) 42198830
E-mail : info@sutlejtextiles.com Website: www.sutlejtextiles.com
CIN. : L17124RJ2005PLC020927

24th September, 2026

BSE Limited	**National Stock Exchange of India Limited**
Phiroze Jeejeebhoy Towers,	Exchange Plaza, 5th Floor, Plot No. C/1,
Dalal Street, Fort,	G-Block, Bandra-Kurla Complex,
Mumbai 400 001.	Bandra(E), Mumbai 400 051.
Scrip Code: 532782	**Scrip Code : SUTLEJTEX**

Dear Sirs / Madam,

Sub: Newspaper Publication - Disclosure under Regulation 30 of Securities and Exchange Board of India (Listing Obligations and Disclosure Requirements) Regulations, 2015 ('SEBI Listing Regulations')

Pursuant to Regulation 30 of SEBI Listing Regulations, please find enclosed herewith the newspaper notice published in Business Standard (English - All edition) and Dainik Bhaskar (Hindi Daily - Jhalawar edition), regarding opening of special window for transfer and dematerialization of physical securities.

This is for the information of the members and exchanges.

Thanking you

Yours faithfully
For **Sutlej Textiles and Industries Limited**

MANOJ VINOD CONTRACTOR
Digitally signed by MANOJ VINOD CONTRACTOR
Date: 2026.09.24 12:14:55 +05'30'

SUTLEJ TEXTILES AND INDUSTRIES LTD. * Bhawanimandi (RAJ.)

Manoj Contractor
Company Secretary and Compliance Officer

Encl.: a/a

ILLUSTRATION: BINAY SINHA

Namaste AI

Building AI platforms that can interact in local languages is key to growing the technology in India and bridging the digital divide

SHELLEY SINGH
New Delhi, 23 September

English-speaking, tech-savvy users have been early adopters of Artificial Intelligence (AI). But mass adoption depends a lot on how easily accessible AI platforms are in local Indian languages. A shift away from English-only platforms could help take AI to the masses. Key to that pivot requires speaking out prompts in local languages rather than typing them on English keyboards.

Here's how it could work: An electronics retailer checks goods after quickly checking on ChatGPT, Gemini, CoPilot or Anthropic as to what's selling. They reorder goods by speaking rather than typing. A borrower in rural India, puzzled by an English text message from her bank, discusses the repayment schedule in her local language. A senior citizen asks a government chatbot about a welfare benefit in the familiar language spoken at home.

For India's AI industry, these seemingly mundane conversations represent one of its biggest opportunities — and one of its hardest technical problems.

Rajiv Kumar, managing director and president, Microsoft India Development Centre said, "India's AI opportunity will be fully realised only when AI speaks the languages people talk in. In a country as linguistically diverse as India, AI that is intuitive, conversational and grounded in local context isn't a feature — it is the precondition for reach."

How AI can go local

- Expand AI use beyond the 100 million early adopters
- Build inclusive AI in languages that people know
- Remove the "India language tax" or models that work well in English but degrade in local languages
- Make government and private services across healthcare, banking, insurance more AI-accessible

Advantages

- Local voice interfaces for AI reduce the "literacy barriers"
- Solving for Indian languages will help crack problems for the other countries grappling with language barriers

Sources: Gnani.ai, Krisp, Exotel

Hinglish, Tanglish, Kanglish

India has 22 scheduled languages, multiple scripts and hundreds of dialects. Conversations routinely slip between Hindi and English, Tamil and English, Kannada and English — sometimes within the same sentence. Sanjeeth R, chief product officer of Bengaluru-based Exotel, said, "Nobody speaks clean Hindi or clean English on a phone call. It's Hinglish, Tanglish, and Kanglish." That is forcing AI companies to rethink AI models that by default put English first and other languages second. Bangalore based Exotel is an AI-powered customer engagement platform. Its clients include Swiggy, Uber, Flipkart, HDFC Bank, JW MG Motors among others.

Ganesh Gopalan, co-founder and CEO, Gnani.ai, a voice AI company, said, "The single biggest hurdle to scale vernacular AI is the Indian language tax — models that work well in English but degrade sharply (in both latency and accuracy) the moment you move to a regional language." Translating an Indian-language conversation into English, processing it and translating the response back can introduce more errors and delay.

Gnani.ai's Prisma v2.5 speech engine handles 22 languages at the voice layer, including accents, dialects and mixed-language speech, while its Evon v3.3 large language model is trained natively across 11 Indian languages. The Bengaluru-based company, which is also developing sovereign AI models, says the latest version of Evon cuts the Indian-language tax by 38.6 per cent compared with earlier-generation models.

Besides getting the right language models, companies have to also overcome technical and real-life challenges. Real-life conversations are not recordings made in a quiet studio. Conversations have to account for background traffic noise, multiple people talking, interruptions, and varying accents.

For vernacular AI to become "invisible" enough to be useful, Sanjeeth said, "the whole conversation has to be natural — not simply improving transcription accuracy. That means low latency, natural turn-taking (knowing when to speak and when to listen) and an ability to switch languages without disrupting the interaction. If a caller speaks Tamil, the system should understand Tamil, reason in that context and respond in Tamil."

Voice AI company Krisp is also tackling language barriers to help users. Vimal Nair, chief growth officer at Krisp, said, "Our Accent Conversion Technology supports about 95 per cent of Indian English speakers across major dialects, while the Voice Translation technology covers 61 languages globally, including Hindi, Bengali, Marathi, Telugu, Tamil and Kannada."

Giving voice

Google is also channeling its efforts to build inclusive AI. Partha Talukdar, principal scientist and director Indic language research, Google DeepMind, said, "The goal is to enable Indians to access the information they need in a language of their choice." One of Google's initiatives, Project Vaani, in collaboration with the Indian Institute of Science (IISc), is building an open source speech dataset with the goal of representing language and speech diversity across India. Startups like Shillong-based mWire Labs used Project Vaani's natural conversational speech dataset to train a voice recognition system for Garo, a local language that is traditionally excluded from major AI models.

Another startup, Bengaluru-based SandLogic, used Project Vaani dataset to teach its speech recognition AI model to improve accuracy of transcriptions of spoken Hindi in call centres. "Recently, we expanded the capabilities of Gemini Live (Google's real-time conversation feature) as well. It now has the ability to converse naturally in over 25 Indian languages and dialects, in voice and text, including Sanskrit, Bhojpuri, Maithili and others," added Talukdar.

Apart from improving access, integrating vernacular AI can make a lot of difference in daily transactions. According to Gnani.ai, a bank that deployed vernacular voice AI for authentication and collections saw its call handling time come down by roughly 50 seconds per call and customer satisfaction scores increase by 24 per cent. A rural microfinance lender using its technology for collection calls recorded an 82 per cent engagement rate, while another microfinance NBFC generated an 8.8-times return and 48 per cent higher engagement compared with text-based borrower outreach.

The bigger transformation could happen among people who have been only partially served by India's digital revolution. Smartphones brought the internet to millions of users, but much of the digital economy still assumes that users can read menus, type queries and navigate apps. Voice AI can remove those requirements.

Sanjeeth said, "If you can't read, an app can be a wall. A kirana-store owner, for instance, could use a voice prompt and ask about inventory or place an order in the language he knows. A farmer or borrower could respond verbally to a loan reminder. A patient could make an appointment without working through a text-heavy interface."

Gopalan called voice's ability to eliminate the literacy requirement one of its fundamental advantages over text-based AI: No script to read, keyboard to use or menu to navigate. The ability to ask a price, obtain information or do market research simply by speaking expands the use of AI.

ChatGPT owner OpenAI has developed IndQA, an evaluation comprising 2,278 culturally grounded questions across 12 Indian languages and 10 domains, created with 261 experts. "We specifically included Hinglish because code-switching (alternating between two languages) is so common in conversations including Hinglish," said an OpenAI spokesperson. Early in July, OpenAI launched GPT-Live, a new generation of voice models, which it claims makes talking with AI feel like a natural conversation.

Better vernacular platforms will improve access to government services as well. Microsoft-backed Jugalbandi, a multi-lingual chatbox, uses generative AI to allow people to find information about government programmes through spoken or typed conversations in local languages. Instead of knowing which website, department or scheme to search, a citizen can ask a question conversationally.

Other applications are emerging in healthcare and education. AI-powered WhatsApp chatbot, ASHA-bot, is designed to provide localised information to Accredited Social Health Activists (ASHA), frontline workers who connect rural households with the healthcare system. Such tools could reduce the expertise required to navigate complex systems, like filling government forms, insurance claim documents or banking processes.

Microsoft's Kumar said, "the goal is simple. No Indian should have to change the language they think in to benefit from AI."

Exporting AI

Solving India's language problem could also create an export industry. India's complexity makes it an unusually demanding lab for multilingual AI: 22 scheduled languages, multiple dialects, scripts, accents and relentless code-switching. Gopalan said, "India isn't just a market for multilingual AI, it's the hardest possible proving ground for it. Once you solve that, it transfers well to other linguistically fragmented markets, like Southeast Asia, Japan and West Asia."

Sanjeeth added, "India isn't the testbed. It's the real playing field. If you can make voice AI work here, it can travel well to multilingual markets with similar characteristics — like Africa and West Asia."

For decades, India's technology services industry exported engineering talent and software expertise. Vernacular AI raises another possibility: Build systems at home to solve one of the world's most complicated language environments, then export the technology to other multilingual markets.

In fact, AI creates limited economic value if it remains primarily a productivity tool for English-speaking professionals who are already comfortable with digital technology. The best return on the billions now being invested in AI will come from mass adoption. And in India, mass adoption will depend on whether AI models can crack the vernacular code.

The writer is a New Delhi-based independent journalist

दस दिवसीय उत्सव • जिलेभर में स्थापित गणेश प्रतिमाओं का किया जा रहा विशेष शृंगार, झांकी दर्शन को उमड़ रहे श्रद्धालु

गणेशोत्सव में सज रही मनभावन झांकियां

भास्कर न्यूज़ | असनावर

कस्बे में गणेश उत्सव के तहत विभिन्न मंडलों की ओर से रोज झांकियां सजाई जा रही हैं। शाम होते ही दर्शन के लिए श्रद्धालुओं की भीड़ जुट रही है। साथ ही सांस्कृतिक कार्यक्रम भी चल रहे हैं। गणपति नवयुवक मंडल ने नाथद्वारा के श्रीनाथजी की झांकी लगाई और दर्शन के बाद प्रसाद बांटा।

दादा गणेश ग्रुप ने सांवरिया सेठ की झांकी तैयार की, यहां भी प्रसाद वितरण हुआ। अष्टविनायक मित्र मंडली ने ओंकारेश्वर के लेटे हुए हनुमानजी की झांकी सजाई। मंडली की ओर से पहले कलकत्ता वाली दुर्गा की झांकी भी लगाई गई थी। पुरानी आबादी क्षेत्र में बच्चों के लिए खेल प्रतियोगिताएं भी हो रही हैं।



असनावर. गणेशोत्सव में सजाई लेटे हुए हनुमानजी की झांकी।



झालरापाटन. भगवान गणेश के समक्ष सजाया 56 भोग।

गणेशजी के समक्ष सजाया 56 भोग

झालरापाटन| डॉ. जाकिर हुसैन बीएड कॉलेज, झालावाड़ में बुधवार को भगवान गणेश के समक्ष 56 भोग का विशेष आयोजन किया गया। कार्यक्रम में कॉलेज स्टाफ और विद्यार्थियों ने भाग लिया। पूजा-अर्चना कर सुख-समृद्धि, ज्ञान और सफलता की कामना की गई। प्रतिमा के आसपास हरी पत्तियों और लाल, पीले, सफेद व हरे फूलों से सजावट की गई। प्राकृतिक हरियाली से झांकी बनाई गई। गणेश प्रतिमा के सामने 56 प्रकार के भोग रखे गए।

गणेश महोत्सव में भजन संध्या का आयोजन

पनवाड़| कस्बे में चल रहे 10 दिवसीय गणेश महोत्सव के तहत मंगलवार रात सुमन मोहल्ला के रिद्धि सिद्धि गणेश मंडल ने भगवान गणेश को 56 भोग अर्पित किए। इसके बाद महाआरती हुई।नंदपुरा में जय बालाजी नवयुवक मंडल के आयोजन में भी महाआरती और भजन संध्या हुई। गणेश महोत्सव समिति अध्यक्ष जोगेंद्र शर्मा मुख्य अतिथि रहे, जबकि विशिष्ट अतिथि राकेश सोनी व देवराज सिंह सोलंकी रहे। भजन संध्या में किट्टू जांगिड़ और रामराज नागर ने गणेश वंदना से शुरुआत की। कार्यक्रम देर रात तक चला और क्षेत्र में गणपति के जयकारे गूंजते रहे।

बावड़ी मोहल्ले में राधा-कृष्ण, धरणीधर मंदिर में सांवरिया सेठ की सजी झांकी

सुनेल| कस्बे में गणेशोत्सव के तहत बुधवार को बावड़ी मोहल्ले और धरणीधर मंदिर परिसर में धार्मिक झांकियां सजाई गईं।

बावड़ी मोहल्ले के पांडाल में नवयुवक गणेश मंडल ने राधा-कृष्ण की तीन झांकियां लगाई। यहां रासलीला का आयोजन भी हुआ। शाम के समय श्रद्धालु लगातार झांकियां देखने पहुंचे। धरणीधर मंदिर परिसर में धरणीधर गणेश मंडल ने सांवरिया सेठ की झांकी सजाई। श्रद्धालुओं ने दर्शन किए। दोनों मंडल रोजाना धार्मिक आयोजन और आरती कर रहे हैं। अनंत चतुर्दशी पर गणेश प्रतिमाओं के विसर्जन की तैयारियों को लेकर बावड़ी मोहल्ले में बैठक हुई। बैठक में सभी मंडलों का एक साथ जुलूस निकालने पर सहमति बनी। तय कार्यक्रम के अनुसार सभी मंडल प्रतिमाओं को जुलूस के रूप में ले जाएंगे।

अकलेरा में भक्ति भाव से मनाया जा रहा पर्यूषण महापर्व

भास्कर न्यूज़ | अकलेरा

सकल दिगंबर जैन समाज की ओर से आदिनाथ जिनालय में 16 से 25 सितंबर तक पर्वाधिराज पर्यूषण महापर्व भक्तिभाव से मनाया जा रहा है। समाज प्रवक्ता लोकेश जैन ने बताया कि प्रतिदिन सुबह श्रीजी का अभिषेक, शांतिधारा, पूजन हो रहा है। पुरुष, महिला, बच्चे भाग ले रहे हैं। शाम को महाआरती होती है। इसके बाद जयपुर से आई बालविदुषी खुशी जैन, रिया जैन प्रवचन दे रही हैं। सांस्कृतिक कार्यक्रम हो रहे हैं। ज्ञानवर्धक कार्यक्रम भी चल रहे हैं।

इस दौरान प्रदीप जैन ने पांच उपवास किए। पंचमेरू की उपासना की। 25 सितंबर को अनंत चतुर्दशी पर श्रीजी के कलश के साथ शोभायात्रा निकलेगी। धर्म प्रभावना की जाएगी।

पनवाड़ में गणेश प्रतिमाओं का विसर्जन जुलूस कल, 14 गांवों की झांकियां होंगी शामिल

पनवाड़| कस्बे में 10 दिवसीय गणेश उत्सव के समापन पर शुक्रवार को गणेश विसर्जन जुलूस निकाला जाएगा। जुलूस पनवाड़ से रवाना होकर करीब 7 किमी दूर समदखेड़ी धाम पहुंचेगा, जहां कालीसिंध नदी में गणेश प्रतिमाओं का विधिवत विसर्जन किया जाएगा। आयोजन की तैयारियों को लेकर बुधवार शाम बड़ी बावड़ी परिसर में 14 गांवों के गणेश मंडलों की बैठक हुई। गणेश उत्सव समिति अध्यक्ष जोगेंद्र शर्मा की अध्यक्षता में हुई।

जुलूस की शुरुआत सुबह 8:30 बजे गुलमोहर से होगी। विभिन्न गणेश मंडलों की झांकियां 9 बजे बड़ी बावड़ी व्यायामशाला स्थित हनुमानजी मंदिर परिसर पहुंचेंगी। यहां से सुबह 9:30 बजे मुख्य जुलूस रवाना होगा। शाम 4 बजे गांवों की झांकियां पहुंचने के बाद सभी झांकियां समदखेड़ी धाम के लिए रवाना होंगी।

समदखेड़ी धाम पर शाम 5 बजे महाआरती और महाप्रसादी होगी। इसके बाद 51 बड़ी एवं 51 बाल गणेश प्रतिमाओं का कालीसिंध नदी में विसर्जन किया जाएगा।

जुलूस को लेकर पनवाड़ को आकर्षक ढंग से सजाया गया है। मार्ग पर रंगोलियां, 151 भगवा तोरण द्वार, करीब 60 हजार मीटर वानरवाल और घर-घर भगवा पताकाएं लगाई गई हैं।

चंद्रभागा पशुमेला 20 नवंबर से, समिति की तैयारी बैठक 29 को

भास्कर न्यूज़ | झालावाड़

राज्य स्तरीय श्री चन्द्रभागा पशुमेला (कार्तिक) झालरापाटन की तैयारियों को लेकर 29 सितंबर को मेला समिति की बैठक होगी। कलेक्टर एवं मेला समिति अध्यक्ष अजय सिंह राठौड़ की अध्यक्षता में बैठक सुबह 11 बजे मिनी सचिवालय के सभागार में आयोजित की जाएगी।

पशुपालन विभाग के संयुक्त निदेशक डॉ. चम्पालाल मीणा ने बताया कि बैठक में 20 से 28 नवंबर 2026 तक आयोजित होने वाले चन्द्रभागा पशुमेले की तैयारियों और विभिन्न व्यवस्थाओं पर चर्चा की जाएगी। मेला सुव्यवस्थित एवं सफल तरीके से आयोजित हो, इसके लिए संबंधित विभागों की जिम्मेदारियों और आवश्यक व्यवस्थाओं पर भी विचार किया जाएगा।

अकलेरा के विकास को मिलेगी रफ्तार तीन इंजन मिलकर करेंगे काम : विधायक

नवनिर्वाचित अध्यक्ष-उपाध्यक्ष व पार्षदों को किया सम्मानित

भास्कर न्यूज़ | अकलेरा

नगर पालिका अकलेरा में बुधवार को नवनिर्वाचित अध्यक्ष यांशिका मेवाड़ा, उपाध्यक्ष अश्विनी मंगल, वार्ड पार्षदों और चुनाव में सहयोग करने वाले कार्यकर्ताओं का मुख्य अतिथि विधायक गोविंद रानीपुरिया ने स्वागत किया। कार्यक्रम में शहरवासी, भाजपा पदाधिकारी और कार्यकर्ता मौजूद रहे।

विधायक रानीपुरिया ने कहा कि अकलेरा के विकास में कोई कमी नहीं छोड़ी जाएगी। पहले डबल इंजन की सरकार थी, अब तीन इंजन मिलकर शहर के विकास को गति देंगे। कृषि उपजमंडी को शहर के बीच से बाहर शिफ्ट करने का प्रयास जारी है। सब्जीमंडी का व्यवस्थित विकास, नई बस्ती में पानी की टंकी, शहर में अच्छा पार्क और चारों दिशाओं में सड़कों पर लाइट की व्यवस्था प्राथमिकता में रहेगी।

अकलेरा. पदभार गण करती नवनिर्वाचित अध्यक्ष यांशिका मेवाड़ा।

लहास में खेल मैदान बनाने की घोषणा

नवनिर्वाचित अध्यक्ष यांशिका मेवाड़ा ने अकलेरा में खेल मैदान की मांग रखी। विधायक ने शहर में पर्याप्त जगह नहीं होने की बात कहते हुए पास के लहास कस्बे में खेल मैदान बनवाने की घोषणा की।

पूजा कर संभाला पदभार

अध्यक्ष यांशिका मेवाड़ा व उपाध्यक्ष अश्विनी मंगल ने विधायक के साथ नगर पालिका परिसर स्थित भगवान गणेशजी के मंदिर में पूजा कर आरती की। इसके बाद अधिशासी अधिकारी पुखराज मीणा ने यांशिका मेवाड़ा को पदभार ग्रहण करवाया। अध्यक्ष ने कहा कि शहर को स्वच्छ और सुंदर बनाना पहली प्राथमिकता होगी।

सभापति राजेश गुर्जर आज ग्रहण करेंगे पदभार

भास्कर न्यूज़ | झालावाड़

नगर परिषद झालावाड़ में नवनिर्वाचित सभापति राजेश गुर्जर गुरुवार को विधिवत रूप से पदभार ग्रहण करेंगे। नगर परिषद आम चुनाव 2026 में कांग्रेस का बोर्ड बनने के बाद सभापति के पदभार ग्रहण एवं शपथ ग्रहण समारोह का आयोजन दोपहर 12:30 बजे नगर परिषद कार्यालय में किया जाएगा। समारोह में कांग्रेस जिलाध्यक्ष वीरेंद्र गुर्जर मुख्य अतिथि रहेंगे।

कार्यक्रम में नगर परिषद के नवनिर्वाचित पार्षदों के साथ कांग्रेस के पदाधिकारी एवं कार्यकर्ता, मित्र शामिल होंगे। पदभार ग्रहण के दौरान नवनिर्वाचित सभापति राजेश गुर्जर नगर परिषद की जिम्मेदारी संभालेंगे। कांग्रेस की ओर से पार्षदों, कार्यकर्ताओं और शहरवासियों से समारोह में शामिल होकर सभापति को आशीर्वाद देने का आग्रह किया गया है। सभापति के पदभार ग्रहण के साथ ही नगर परिषद में नए बोर्ड के औपचारिक रूप से कामकाज शुरू करने की प्रक्रिया भी आगे बढ़ेगी।

खानपुर पालिकाध्यक्ष कांता ने संभाला पदभार, बोलीं-सेवक बन करूंगी सेवा

खानपुर| नवनिर्वाचित नगर पालिका अध्यक्ष कांता साहू ने बुधवार को गणेश पूजन के साथ विधिवत पदभार ग्रहण किया।

पदभार ग्रहण के बाद हुई बैठक में वार्ड पार्षदों ने अपने-अपने विचार रखे और वार्डों की समस्याओं के साथ खानपुर के सर्वांगीण विकास को लेकर प्राथमिकताएं बताईं। अध्यक्ष कांता साहू ने कहा कि नगर पालिका परिवार, सभी पार्षद, अधिकारी और कर्मचारी उनके अपने परिवार की तरह हैं। वह पूरी ईमानदारी और निष्ठा से अपने दायित्वों का निर्वहन करेंगी।

उन्होंने कहा, "आज से और अभी से मैं केवल अध्यक्ष नहीं, बल्कि नगर सेवक के रूप में जनता की सेवा करूंगी।" उन्होंने कहा कि नगर के विकास के लिए सभी पार्षदों के साथ अधिकारियों-कर्मचारियों और आमजन का सहयोग जरूरी है।

अध्यक्ष साहू ने जल्द ही सभी पार्षदों के साथ प्रत्येक वार्ड में वार्ड सभा आयोजित करने की घोषणा की। इन सभाओं में आमजन से सीधे संवाद कर उनकी समस्याएं सुनी जाएंगी और समाधान के लिए प्रयास किए जाएंगे। उन्होंने कहा कि जनसमस्याओं का त्वरित निस्तारण और नगर का व्यवस्थित विकास उनकी प्राथमिकताओं में रहेगा।

कार्यक्रम में नगर पालिका उपाध्यक्ष आमिर खान सहित सभी वार्ड पार्षद, पालिका अधिकारी एवं कर्मचारी मौजूद रहे। जनप्रतिनिधियों एवं कर्मचारियों ने नवनिर्वाचित अध्यक्ष का स्वागत करते हुए नगर के विकास में हरसंभव सहयोग का भरोसा दिलाया।

शिविर में आत्मरक्षा के गुर सिखाए

झालावाड़| पीजी कॉलेज में चल रहे रानी लक्ष्मीबाई आत्मरक्षा प्रशिक्षण शिविर के दूसरे दिन बुधवार को बालिकाओं को आत्मरक्षा और सुरक्षा के प्रति जागरूक किया गया। प्राचार्य की अध्यक्षता में आयोजित प्रशिक्षण कार्यक्रम में कॉलेज की वरिष्ठ संकाय सदस्य डॉ. इकबाल फातिमा ने हेलेन केलर के जीवन से जुड़े प्रसंगों के माध्यम से बालिकाओं को आत्मविश्वास, सतर्कता और सुरक्षा का संदेश दिया। कार्यक्रम में महिला कालिका टीम, पुलिस विभाग की रचना चौधरी ने बालिकाओं को आत्मरक्षा का प्रशिक्षण दिया। संयोजिका डॉ. अलका बागल] . अशोक कंवर, रेणु मीणा, डॉ. सुमन खींची आदि मौजूद रहे।

महाविद्यालय में रानी लक्ष्मीबाई आत्मरक्षा प्रशिक्षण कार्यक्रम

झालावाड़| राजकीय स्नातकोत्तर महाविद्यालय में महिला प्रकोष्ठ के तहत रानी लक्ष्मीबाई आत्मरक्षा प्रशिक्षण कार्यक्रम शुरू हुआ। कार्यक्रम की अध्यक्षता प्राचार्य राम कल्याण मीणा ने की।

मुख्य अतिथि रश्मि गुप्ता ने कहा कि मानसिक और शारीरिक स्वास्थ्य अलग नहीं हैं। उन्होंने मन को मजबूत रखने और आत्महत्या रोकथाम के तीन मॉडल बताए।

जिला पुलिस प्रशासन की प्रशिक्षक रचना चौधरी ने बाहरी छात्राओं को सतर्क रहने की सलाह दी। उन्होंने आत्मरक्षा की आधारभूत तकनीकों और सुरक्षा उपायों की जानकारी दी। कालिका महिला पेट्रोलिंग टीम की सदस्य सलमा ने छात्राओं से अपने अधिकार जानने और पुलिस थाने में शिकायत दर्ज कराने में हिचक न करने को कहा। उन्होंने महिला हेल्पलाइन 109 और राजकॉप सिटीजन ऐप की जानकारी दी। महाविद्यालय में पहली बार शुरू हुए इस प्रशिक्षण में छात्राओं ने बड़ी संख्या में भाग लिया।

राष्ट्रीय आयुर्वेद दिवस • आयुर्वेद चिकित्सालय में पंचकर्म शिविर में मरीजों को मिला लाभ

'आयुर्वेद में व्यक्ति के स्वास्थ्य संरक्षण पर जोर'

भास्कर न्यूज़ | झालावाड़

11वें राष्ट्रीय आयुर्वेद दिवस के अवसर पर राजकीय जिला आयुर्वेद चिकित्सालय में विभिन्न कार्यक्रम आयोजित किए गए। कार्यक्रम की शुरुआत सुबह पंचकर्म शिविर से हुई। दोपहर में भगवान धन्वंतरि का पूजन एवं माल्यार्पण कर कार्यक्रम का शुभारंभ किया गया।

झालावाड़. पंचकर्म शिविर और धनवंतरी जयंती पर कार्यक्रम आयोजित।

उपनिदेशक आयुर्वेद डॉ. ओमप्रकाश शर्मा ने दीप प्रज्वलित किया और पंचकर्म शिविर का अवलोकन किया। उन्होंने शिविर में आए रोगियों से उपचार एवं व्यवस्थाओं को लेकर फीडबैक भी लिया। सहायक निदेशक दुर्गालाल सस्ता ने कहा कि स्वस्थ जीवनशैली को अपनाकर कई बीमारियों से बचाव किया जा सकता है। नियमित दिनचर्या, संतुलित आहार, योग और व्यायाम को जीवन का हिस्सा बनाने पर जोर दिया। आयुर्वेद दिवस के नोडल अधिकारी डॉ. रिंकेश कुमार यादवेंद्र ने बताया कि जिले के सभी आयुर्वेद औषधालयों एवं चिकित्सालयों में निःशुल्क स्वास्थ्य शिविर लगाए गए। उन्होंने कहा कि बीमारी का इंतजार करने के बजाय पहले से स्वास्थ्य की रक्षा पर ध्यान देना चाहिए। प्रमुख चिकित्सा अधिकारी डॉ. नवल टेलर ने कहा कि स्वस्थ व्यक्ति, स्वस्थ समाज और स्वस्थ पर्यावरण एक-दूसरे से जुड़े हैं। स्वास्थ्य को केवल बीमारी से मुक्त होने तक सीमित नहीं किया जा सकता, बल्कि व्यक्ति, परिवार और पर्यावरण के समन्वित स्वास्थ्य पर भी ध्यान देना जरूरी है। कार्यक्रम में डॉ. रामकेश मीणा, डॉ. संदीप निर्मल, डॉ. स्नेहा रावल, कंपाउंडर चंद्रेश, अनीता भील सहित अन्य मौजूद रहे।

किसानों ने परवन बांध का जलस्तर 2 मीटर कम करने की मांग उठाई

झालावाड़ | परवन वृहद परियोजना के भराव क्षेत्र में खड़ी फसलों को संभावित नुकसान से बचाने की मांग को लेकर खानपुर-बकानी विधायक सुरेश गुर्जर के नेतृत्व में किसानों ने बुधवार को कलेक्टर को ज्ञापन सौंपा। किसानों ने बांध का जलस्तर 2 मीटर कम करवाने की मांग रखी।

ज्ञापन में बताया कि परवन वृहद परियोजना में मानसून के दौरान टेस्टिंग के लिए जल संग्रहित किया गया है। इसे 30 सितंबर को खाली किया जाना प्रस्तावित है। वर्तमान में बांध के भराव क्षेत्र में किसानों की सोयाबीन और मक्के की फसलें खड़ी हैं। किसानों का कहना है कि फसल तैयार होने के समय किसी भी तरह का नुकसान उनके आर्थिक हितों को प्रभावित करेगा।

विधायक सुरेश गुर्जर के नेतृत्व में बुखारी, तारज, बरैड़ा, सेवनीयां, कांगनीखेड़ा, समरोल, छापीहेड़ा, मानपुरा, खेरखेड़ा सहित आसपास के गांवों के किसानों ने प्रशासन से समय रहते निर्णय लेने का आग्रह किया। विधायक ने कहा कि किसानों की मेहनत और उनकी खड़ी फसल की सुरक्षा महत्वपूर्ण है। इसी को ध्यान में रखते हुए प्रशासन के समक्ष किसानों की मांग रखी गई है और आवश्यक कार्रवाई का अनुरोध किया गया है।

न्यूज़ ब्रीफ

पवन चौधरी की पुण्यतिथि पर श्रद्धांजलि सभा, पौधरोपण

भवानीमंडी| पुलिस थाना भवानीमंडी के जवान स्व. पवन कुमार चौधरी की पुण्यतिथि पर श्रद्धांजलि और शोक सभा हुई। भवानीमंडी डीएसपी सत्यनारायण गोदारा, थानाधिकारी प्रमोद शर्मा, मिश्रौली थानाधिकारी कमल कुमार, भवानीमंडी थाने के जवानों ने पवन चौधरी के चित्र पर पुष्प अर्पित कर भावभीनी श्रद्धांजलि दी। वक्ताओं ने कहा, पवन चौधरी आज हमारे बीच नहीं हैं। उनकी यादें, अपनापन, पुलिस परिवार के प्रति समर्पण दिलों में जीवित रहेगा। अंत में दो मिनट का मौन रखा गया।

मंडी के दो व्यापारी पार्षद बने, संघ ने किया स्वागत

झालरापाटन| कृषि उपजमंडी के दो व्यापारियों के नगर निकाय पार्षद निर्वाचित होने पर मंडी के व्यापारियों में खुशी है। बुधवार को खाद एवं तिलहन व्यापार संघ की ओर से दोनों नवनिर्वाचित पार्षदों का माल्यार्पण कर अभिनंदन किया गया। चित्रेश अग्रवाल झालावाड़ नगर परिषद के वार्ड नंबर 18 से निर्वाचित हुए हैं। दिनेश गुर्जर झालरापाटन नगर पालिका के वार्ड नंबर 22 से निर्वाचित हुए हैं। व्यापारियों ने दोनों को बधाई दी। कार्यक्रम में घनश्याम नागर, विजय मुंदड़ा, विकास चांदवाड़, दिलीप राठौड़, अंकुर शाह, पिंटू राठौर, निशांत चांदवाड़, बाबूलाल नागर, यश राठौड़, राकेश गुप्ता, राकेश नागर, रतीराम गुर्जर, राहुल नागर, महेश गुप्ता, मदनलाल राठौर, भूपेंद्र राठौर, श्रेयांश कासलीवाल, मनोज जैन, पंकज नागर, मांगीलाल शर्मा, अज्जू राठौड़ मौजूद रहे।

सांकेतिक भाषा से बच्चों ने समझाया पढ़ाई का तरीका

झालरापाटन| सरस्वती मूक-बधिर आवासीय विद्यालय में बुधवार को अंतरराष्ट्रीय सांकेतिक भाषा दिवस मनाया गया। मुख्य अतिथि समिति सचिव संजय शर्मा रहे। संचालन शिक्षक तेजमल लववंशी ने किया। छात्रों ने सांकेतिक भाषा में सामान्य गिनती, अनार, आम और एबीसीडी सहित कई प्रस्तुतियां दीं। उन्होंने सांकेतिक भाषा के महत्व पर भी जानकारी दी। संजय शर्मा ने बताया कि वर्ल्ड फेडरेशन ऑफ द डेफ की स्थापना 23 सितंबर 1951 को रोम, इटली में हुई थी। इसका उद्देश्य बधिर लोगों के बीच विचारों का आदान-प्रदान आसान बनाना है। इसी क्रम में 23 सितंबर को अंतरराष्ट्रीय सांकेतिक भाषा दिवस मनाया जाता है। कार्यक्रम में संतोष राव भी मौजूद रहे।

दरगाह गागरोन में सभापति-उपसभापति का स्वागत

खानपुर| दरगाह हजरत ख्वाजा हमीद उद्दीन चिश्ती रअ गागरोन में दरगाह खादिमान कमेटी ने झालावाड़ नगर परिषद के नवनिर्वाचित सभापति राजेश गुर्जर, उपसभापति फारुख अहमद और पार्षदों का स्वागत किया। कमेटी के हाजी फईम उद्दीन चिश्ती की अगुवाई में कार्यक्रम हुआ। सभापति, उपसभापति और पार्षदों की दस्तारबंदी की गई। फूल मालाओं से अभिनंदन किया गया। आस्ताने आलिया पर सभापति राजेश गुर्जर, उपसभापति फारुख अहमद और नवनियुक्त पार्षदों ने चादर पेश की। अमन-चैन, खुशहाली और तरक्की की दुआ मांगी। कव्वालियों की महफिल चली। जायरीन और मौजूद लोगों ने धार्मिक माहौल का आनंद लिया। कार्यक्रम में कांग्रेस जिलाध्यक्ष वीरेंद्र सिंह गुर्जर, सिद्दीक गौरी, देवकीनंदन वर्मा, महेंद्र प्रताप सिंह झाला, वसीम खान सहित नागरिक मौजूद रहे।

बकानी प्रधान पद सामान्य महिला के लिए आरक्षित

बकानी| पंचायत समिति में प्रधान पद और वार्डों की आरक्षण लॉटरी के बाद तस्वीर साफ हो गई है। प्रधान पद सामान्य महिला वर्ग के लिए आरक्षित किया है। वार्ड संख्या 1 एससी सामान्य के लिए आरक्षित हुआ। वार्ड 15 एससी महिला के लिए, वार्ड संख्या 2 एसटी सामान्य, वार्ड 17 एसटी महिला के लिए, वार्ड संख्या 12 और 14 ओबीसी सामान्य के लिए आरक्षित किए गए। वार्ड 16 ओबीसी महिला के लिए तय किया गया। वार्ड संख्या 3, 4, 8, 10 और 13 सामान्य वर्ग के लिए निर्धारित किए गए। शेष बचे वार्ड सामान्य महिला वर्ग के लिए आरक्षित किए हैं।

लाइब्रेरी के भवन का भूमि पूजन

झालावाड़| राजकीय हरिश्चंद्र सार्वजनिक लाइब्रेरी के प्रस्तावित नए भवन की बाउंड्री निर्माण का भूमिपूजन बुधवार को किया गया। डीईओ माध्यमिक नरेन्द्र कुमार गहलोत, डीईओ प्रारंभिक हेमराज पारेता, सीबीईओ प्रकाशचन्द्र सोनी, समसा के एडीपीसी कल्याणमल वर्मा, एडीईओ सीताराम मीणा, बालचंद कारपेंटर, सहायक परियोजना समन्वयक हरिओम शर्मा, सालिगराम दांगी, राज्यपाल शर्मा, पुस्तकालय अध्यक्ष कैलाशचंद्र राव, अंजलि मीणा, परामर्शदाता किरण सच्चर, आजीवन सदस्य विश्वनाथ सच्चर सहित अन्य मौजूद रहे।